# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 24.03.2026 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, ज्ञानशिखा टाइम्स, आज, संदेश वाहक,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला–दि0 24.03.2026

# वीडीए के विशेष कैंप में 10 आवंटियों की हुई रजिस्ट्री

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा के निर्देश पर वीडीए सभागार में विशेष रजिस्ट्री कैंप के पहले दिन कुल 40 आवंटियों ने हिस्सा लिया। इनमें 10 आवंटियों की रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी कराई गई। शेष प्रतिभागियों के अभिलेखों का परीक्षण कर अन्य औपचारिकताएं पूरी कराई गईं।

इस विशेष रजिस्ट्री कैंप का 25 मार्च तक वाराणसी विकास प्राधिकरण में किया जा रहा है। संपत्ति अधिकारी आनंद प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में रजिस्ट्री प्रक्रिया कराई गई।

कैंप के माध्यम से पूर्ण भुगतान कर चुके आवंटियों को रजिस्ट्री से संबंधित सभी औपचारिकताएं एक ही स्थान पर पूरी करने की सुविधा प्रदान की जा रही है, जिससे उन्हें अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिल सके। प्राधिकरण की ओर से कैंप में आने वाले आवंटियों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि रजिस्ट्री प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल ढंग से संपन्न कराया जाए।

**वीडीए ने आम जनता से की अपील :** वीडीए की ओर से सभी आवंटियों/लाभार्थियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि व समय पर अपने आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर इस रजिस्ट्री कैंप का लाभ उठाएं। प्राधिकरण का उद्देश्य है कि सभी पात्र आवंटियों को सुगम तरीके से रजिस्ट्री की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। ब्यूरो

### ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 24.03.2026

# प्राधिकरण सभागार में विशेष रजिस्ट्री कैंप सफलता पूर्वक संपन्न

वाराणसी। नवरात्रि के शुभ अवसर पर आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा विशेष रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिससे प्राधिकरण के आवंटियों/लाभार्थियों को एक ही स्थान पर सरल, सुगम एवं त्वरित रजिस्ट्री की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। कैंप के प्रथम दिन कुल 40 आवंटियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 10 आवंटियों की रजिस्ट्री प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण कराई गई। शेष प्रतिभागियों के अभिलेखों का परीक्षण कर आवश्यक औपचारिकताओं के संबंध में मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया, ताकि वे आगामी दिनों में अपनी रजिस्ट्री प्रक्रिया पूर्ण करा सकें इस विशेष रजिस्ट्री कैंप का आयोजन *दिनांक 23 मार्च 2026 से 25 मार्च 2026 तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 11:00 बजे से



अपराह्न 01:00 बजे तक वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में किया जा रहा है। कैंप के माध्यम से पूर्ण भुगतान कर चुके आवंटियों को रजिस्ट्री से संबंधित सभी औपचारिकताएं एक ही स्थान पर पूरी करने की सुविधा प्रदान की जा रही है, जिससे उन्हें अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिल सके। प्राधिकरण द्वारा कैंप में आने वाले आवंटियों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं तथा संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि रजिस्ट्री प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल एवं त्वरित ढंग से संपन्न कराया जाए। वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा सभी संबंधित आवंटियों/लाभार्थियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर इस विशेष रजिस्ट्री कैंप का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। प्राधिकरण का उद्देश्य है कि सभी पात्र आवंटियों को समयबद्ध एवं सुगम तरीके से रजिस्ट्री की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## आज–दि0 24.03.2026

### विप्रा के कैंप में दस आवंटियों ने करायी रजिस्ट्री

विप्रा उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा के निर्देश पर सोमवार को सभागार में रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में प्रथम दिन दस आवंटियों की रजिस्ट्री की गयी। शेष ३० आवंटियों ने आवश्यक पूछताछ और दस्तावेज के विषय में जानकारी लेने के बाद पुन: रजिस्ट्री कैंप आयोजन के बाद रजिस्ट्री करायेंगे। इस संबंध में संपित्त अधिकारी ने बताया कि २३ से २५ मार्च तक प्रतिदिन पूर्वाह्न ११ बजे से एक बजे तक वाराणसी सभागार में रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया गया है। जहां लोगों को एक ही छत के नीचे सारी समस्या का समाधान होगा और औपचारिकता पूर्ण करने के बाद रजिस्ट्री की भी काररवाई पुरी की जायेगी। इस संबंध में संबंधित आवंटियों, लाभार्थियों से अपील की है कि निर्धारित समय में उपस्थित होकर कैंप में वीडीए से मिली अपने संपत्तियों की रजिस्ट्री का कार्य पुरा करें। इस अवसर पर संपत्ति अधिकारी आनंद प्रकाश सिंह के अध्यक्षता में दस लोगों का बैनामा किया गया।

## संदेश वाहक–दि0 24.03.2026

### शिविर के पहले दिन 10 आवंटियों की रजिस्ट्री

संदेश वाहक न्यूज

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा के निर्देश में आज प्राधिकरण सभागार में विशेष रजिस्ट्री कैंप का प्रथम दिवस सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। इस अवसर पर संपत्ति अधिकारी श्री आनंद प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में रजिस्ट्री प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

नवरात्रि पर आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा विशेष रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिससे प्राधिकरण के आवंटियों/लाभार्थियों को एक ही स्थान पर सरल, सुगम एवं त्वरित रजिस्ट्री की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। कैंप के प्रथम दिन कुल 40



आवंटियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 10 आवंटियों की रजिस्ट्री प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण कराई गई। शेष प्रतिभागियों के अभिलेखों का परीक्षण कर आवश्यक औपचारिकताओं के संबंध में मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया, ताकि वे आगामी दिनों में अपनी रजिस्ट्री प्रक्रिया पूर्ण करा सकें। इस विशेष रजिस्ट्री कैंप का आयोजन 23 मार्च 2026 से 25 मार्च 2026 तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में किया जा रहा है। कैंप के माध्यम से पूर्ण भुगतान कर चुके आवंटियों को रजिस्ट्री से संबंधित सभी औपचारिकताएं एक ही स्थान पर पूरी करने की सुविधा प्रदान की जा रही है, जिससे उन्हें अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिल सके। प्राधिकरण द्वारा कैंप में आने वाले आवंटियों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं तथा संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि रजिस्ट्री प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल एवं त्वरित ढंग से संपन्न कराया जाए। वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा आवंटियों/लाभार्थियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित हों।